महत्वपूर्ण एवं खास

पीएटी और पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 26 को होगी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर के द्वारा आयोजित होने वाली पी ए टी और पी व्ही पी टी प्रवेश परीक्षा 26 सितंबर रविवार को होगी। यह परीक्षा रायपुर के 13 केंद्रों में सवेरे 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पूनम शर्मा को नोडल अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन के एस पटले को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में कंट्रौल रूम को दूरभाष क्रमांक- 0771- 2413233 है।

लापता युवक का बाड़ी के कुंआ में मिला शव

कोरबा (आरएनएस)। बांधाखार के पानी टंकी मोहल्ला में 3 दिन से लापता किशोर का शव रविवार सुबह उसके ही घर की बाड़ी स्थित कुआं में मिला। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पाली थाना क्षेत्र बांधाखार पानी टंकी मोहल्ला निवासी आनंद राम निर्मलकर का 16 वर्षीय पुत्र राजकुमार निशक्त था, जो शुक्रवार से दिखाई नहीं दे रहा था। परिजन ने घर समेत आसपास क्षेत्र में देखा, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद उसे लापता मान खोजबीन की जा रही थी। इस बीच रविवार सुबह बाड़ी के कुआं में पानी निकालने जब परिजन पहुंचे, तो वहां उसका शव नजर आया। परिजन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

तेज रफ्तार कार मारी चार मवेशियों को ठोकर,2 की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पर बैठी 4 गायों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे 2 गायों की मौत हो तथा 2 घायल है। मामले की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम फुण्डहर तेलीबांधा रायपुर निवासी हितेश कुमार साहू 26 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि रायपुर जिले का बजरंग दल का वह सह संयोजक है। 19 सितंबर को रात्रि करीबन 10.45 बजे फुण्डहर ग्रैण्ड नीलम होटल के पास सर्विस रोड में मारूति आर्टिगा कार क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 8714 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे बैठे मवेशियों को एक्सिडेंट कर दिया है जिससे दो गायों की मौके पर मौत हो गया तथा दो मवेशी घायल है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279,429 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर ली है।

आरक्षक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

कांकेर (आरएनएस)। जिले के दुधावा चौकी क्षेत्र ग्राम बरकई में बीती रात करीब 03 बजे एक आरक्षक की संदिग्ध मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुट गई है। संजू चक्रधारी ने बताया कि उसके पिता चिमन चक्रधारी उम्र 55 वर्ष पुलिस में वाहन चालक के रूप में पदस्थ थे। कुछ दिनों से उनकी तबियत खराब थी, उपचार करवाने के लिए 17 सितम्बर को 15 दिनों के लिए छुट्टी लिए थे।

मट्टीमरका मार्ग पर उल्लूर के पास नक्सली पर्चा मिला

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के भोपालपटनम तहसील के मट्टीमरका मार्ग पर उल्लूर के पास बीती रात नक्सलियों के द्वारा पर्चे फेंका किया गया है। जारी पर्चे में उल्लेख किया गया है कि 21 से 27 सितम्बर 2021 तक नक्सलियों की 17 वीं वर्षगांठ देश भर में कॉमरेड हरिभूषण और पवन की शहादत को जोश व स्फूर्ति के मनाए व पार्टी को दुश्मन के लिए अभेद्य, गुप्त व मजबूत बनाते हुए छापामार आधार व जनसत्ता को बचाये रखते हुए विस्तार करें। उक्त पर्चे दक्षिण सबजोनल ब्यूरो ने जारी किया है।

हाथी प्रभावित 7187 किसानों को 4 करोड़ 95 लाख की क्षतिपूर्ति

महासमुंद (आरएनएस)। हाल ही में महासमुन्द जिले के वन क्षेत्र से लगे शहर हो या गांवों में वन्य प्राणियों की लगातार खासकर जंगली हाथियों की आमद से प्रभावित इलाकों से लगे शहर के अंतिम छोर व गांवों के रहवासियों में चिंता अवश्य बढ़ी है। किंतु वन विभाग भी गम्भीर घटनाओं को टालने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है। हाल ही में जंगली हाथियों के अचानक हमले से हुई मौतों पर वन मण्डल ने हाथी मानव द्वंद प्रबंधन कार्यशाला भी आयोजित की। वन विभाग द्वारा हाथी प्रभावित इलाके के ग्रामीणों को जागरूक करने के समय-समय पर अधिकारी-कर्मचारी की कार्यशाला भी आयोजित करता आया है। इसके अलावा प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों को हाथी के व्यवहार आदि के

बारे में बारीकी से भी बताया गया है। लोगों को हाथी के पास न जाने की हिदायतें और सेल्फी इत्यादि न लेने की भी अपील की जा रही है। इसके अलावा पुलिस के सूचना तंत्र का सहयोग और ग्रामीणों से हाथी की लोकेशन संबंध में सूचना एकत्रित की जाती है। ग्रामीणों से सुझाव भी लिए जा रहे हैं। धान कटाई कार्य शुरू होने पर हाथियों के लिए यह मौसम अनुकूल हो जाता है। उन्हें जंगल में पर्याप्त भोजन नहीं मिलने के कारण हाथियों का दल जंगल से गांवों में घूंसता है विशेषकर धान कटाई के समय हाथियों का आवाजाही बढ़ जाती है। ये हाथी किसानों के खेत एवं खलिहानों में आकर फसल खा जाते है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2018-19 से आज (20 सितम्बर) तक वन्य प्राणियों खासकर हाथियों के हमले से जनहानि के 27 प्रकरणों में वन विभाग द्वारा एक करोड़ 46 लाख रूपए की सहायता राशि दी गयी। वहीं 181 जन घायलों को 28 लाख 96 हजार रूपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि मिली। इसी प्रकार हाथी कारीडोर क्षेत्र में जंगली हाथियों से प्रभावित 7187 किसानों की फसलों को वन्य प्राणी (हाथी, जंगली सुअर आदि) द्वारा हानि पहुंचाने पर 4 करोड़ 94 लाख 82 हजार 499 रूपए की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को भी सावधानी बरतनें कहा जाता रहा है। आधुनिक तकनीकी का बेहतर उपयोग कर व्हाट्स एप्प ग्रुप के जरिए गॉव के लोगों को जोड़ा जा रहा है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है। राज्य शासन की वन विभाग ने वर्ष 2019 से वन्य प्राणियों के हमले से घायलों, अपंगता की स्थिति और किसी की मृत्यु हो जाने पर दिए जाने वाले मुआवजे में बढ़ोतरी की है। राज्य शासन के वन विभाग द्वारा वन्य पशुओं के हमले से यदि मृत्यु हो जाए तो मृतक के परिजन को वन विभाग 4 लाख के बजाए पिछले वर्ष से 6 लाख रुपए मुआवजा दे रहा है। शासन ने वन्य पशुओं से होने वाली घटनाओं पर पीड़ित को दिए जाने वाले मुआवजा राशि में वृद्धि की है। शासन ने यह आदेश वन विभाग को वर्ष वर्ष 2019 से ही जारी कर दिया है, जिसे लागू कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि पहले वन्य पशुओं से होने वाली घटनाओं में मुआवजा राशि बहुत ही कम थी। नए आदेश से वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत मिल रही है। वन क्षेत्रों में ज्यादातर वन्य प्राणी मवेशियों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे ग्रामीणों को पशुधन की हानि अधिक होती है।

पशु धन हानि होने पर प्रभावित किसान को 30 हजार रुपए मुआवजा दिया जाता है। वन्य प्राणी के हमले से जनहानि (मृत्यु) होने पर पहले 4 लाख रुपए दिया जाता था, लेकिन अब 6 लाख रुपए मुआवजा दिया जाता है। वहीं वन्य प्राणियों के हमले से मनुष्य के स्थाई रूप से अपंग होने पर 2 लाख रुपए मुआवजा दिया जा रहा है। वहीं घायल होने पर इलाज के लिए 59 हजार 100 रुपए की मदद दी जाती है।

पत्नी पर पति ने किया चाकू से जानलेवा हमला

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस उस व्यक्ति की तलाश में जुट गई है जिसने चाकूबाजी कर अपनी पत्नी की हालत बिगाड़ दी और मौके से भाग निकला। चाकू चलाने वाला शराब का शौकीन बताया गया है। इस घटना से इलाके के लोग हैरत में पड़ गए। उनकी सूचना पर पुलिस ने अगली कार्यवाही की।

कोतवाली पुलिस थाना के अंतर्गत एक सहायता केंद्र में शामिल शिवाजी नगर क्षेत्र में आज दोपहर घटना में मुन्नी ठाकुर नामक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। मुन्नी अपने परिवार की जीविका चलाने के लिए लोगों के घरों में सामान्य कामकाज करती है। इससे इतनी राशि अर्जित हो जाती है जिससे वह घरेलू जरूरत की पूर्ति कर सके। जबकि उसका पति लाला ठाकुर कोई खास भूमिका निभाने के बजाय शराब के चक्कर में पड़ा रहता है। जानकारी के मुताबिक वह एक सप्ताह से घर से बाहर था। आज नशे की स्थिति में अपनी पत्नी से गर्दन पर तीन बार चाकू से हमला कर दिया। किसी तरह पत्नी ने खुद को बचाया लेकिन वह लहूलुहान होने से नहीं बच सकी। मौका पाकर आरोपी यहां से भाग खड़ा हुआ। घटना की जानकारी तब हुई जब लहूलुहान मुन्नी ठाकुर ने बीच बचाव के लिए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग हरकत में आए और उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी हासिल करने के साथ पुलिस को इस बारे में जानकारी दी जिसके बाद पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार शुरू कर दिया गया है। इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना आखिर क्यों हुई, इस बारे में कारणों का पता नहीं चल सका है।

पत्नी की हत्या कर पति ने लगा ली फांसी लगा कर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

गौरेला- पेंड्रा- मरवाही (आरएनएस)। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में पीडब्लूडी के रिटायर्ड कर्मचारी ने घरेलू झगड़े के चलते गला काटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी फांसी लगा लिया। बताया जा रहा है कि महिला रोज शराब पीकर पति से झगड़ा करती थी। इसको लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना मरवाही थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, सड़क टोला करगीकला गांव निवासी समय लाल पनिका 65 वर्ष लोक

निर्माण विभाग रिटायर्ड हुआ था। वह अपनी पत्नी सुशीला बाई 50 वर्ष के साथ रहता था। सुशीला उसकी दूसरी पत्नी थी। बताया जा रहा है कि सुशीला और समय लाल के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता था। पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे पड़ोस में रहने वाली मीराबाई पंप पर पानी भरने के बाद लौट रही थी। इसी दौरान उसने देखा कि समय लाल के घर का दरवाजा खुला हुआ है। अंदर समय लाल फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद मीराबाई ने इसकी सूचना सरपंच पति विशाल सिंह उरैती को दी। इसके बाद सभी समय लाल के घर पहुंचे तो देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा था और पास में ही सुशीला की गर्दन कटी लाश पड़ी थी।

ग्रामीणों के अनुसार समय लाल की 4 बेटियां हैं और उनकी शादी हो चुकी है। सुशीला शराब पीने की आदी थी। इसी बात को लेकर घर में झगड़ा भी होता था। बेटियों की शादी के बाद सुशीला ने समय लाल को उनसे मिलने से भी रोक दिया था। पुलिस ने बताया कि बिलासपुर से आई फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी। उन्होंने कहा कि परिजनों ने आशंका जताई है कि घटना का कारण आपसी विवाद हो सकता है। पुलिस ने मौके से एक हंसिया बरामद किया है। उसी से महिला की गर्दन काटे जाने की आशंका है। पुलिस ने धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 23 से

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से दिनांक 23 से 30 सितंबर 2021तक 19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2021 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है जिसमें दिनांक 23/09/2021 को जुनियर (अंडर-19) एकल वर्ग (बालक/बालिका), दिनांक 25/09/2021 को जुनियर (अंडर-17) एकल वर्ग (बालक/बालिका), दिनांक 27/09/2021 को सब जुनियर (अंडर-15) एकल वर्ग (बालक/बालिका), दिनांक 29/09/2021 को कैडेट (अंडर-13) एवं होप्स (अंडर-11) एकल वर्ग (बालक/बालिका) तथा दिनांक 30/09/2021 को सीनियर पुरुष एवं महिला एकल वर्ग की प्रतियोगिता होगी ।

उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता एकल इवेंट्स में जुनियर (अंडर-19) बालक एकल, जुनियर (अंडर-19) बालिका एकल, जुनियर (अंडर-17) बालक एकल, जुनियर (अंडर-17) बालिका एकल, सब जुनियर (अंडर-15) बालक एकल, सब जुनियर (अंडर-15) बालिका एकल, कैडेट (अंडर-13) बालक एकल, कैडेट (अंडर-13) बालिका एकल, होप्स (अंडर-11) बालक एकल, होप्स (अंडर-11) बालिका एकल, सीनियर पुरुष एकल तथा सीनियर महिला एकल हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जायेगी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के निर्देशानुसार पहली बार प्रतियोगिता में होप्स (अंडर-11) बालक एवं बालिका एकल वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता हेतु विभिन्न जिलों से मिलाकर पुरुष/बालक वर्ग में कुल 144 प्रविष्टि एवं महिला/बालिका वर्ग में कुल 79 प्रविष्टि प्राप्त हुयी है। जिला संघों के लिए यह अनिवार्य एवं आवश्यक है कि वे प्रतियोगिता में भाग लेने 18 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों को कोविड-19 नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट (आरटीपीसीआर) तथा 18 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को वेक्सीनेशन पूर्णता (दोनों डोज) का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उनका भी कोविड-19 नेगेटिव टेस्ट रिपोर्ट (आरटीपीसीआर) की प्रतिलिपि को सेल्फ अटेस्टेड कर प्रतियोगिता प्रारम्भ होने के पहले प्रतियोगिता स्थल पर जमा करना होगा। रिपोर्ट/प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर खिलाड़ी को प्रतियोगिता में नहीं खिलाया जाएगा एवं खिलाड़ियों/ कोच/ मेनेजर/ टेक्नीकल ओफिसियल्स/ पदाधिकारियों को प्रतियोगिता स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जायेगा। कोविड संबंधित समस्त दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है।

उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 9 पहुंची

रायपुर (आरएनएस)। कोंडागांव जिले में रविवार को देर शाम हुए सड़क हादस में मृतकों की संख्या बढ़ती जा रही है। हादसे में अब तक 9 लोगों की मौत हो गई है।

बता दें कि बोरगांव इलाके स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों के बीच टक्कर इतनी जोरदार हुई कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि ऑटो में 14-15 लोग सवार थे। हादसे में 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ होने की कामना की।

गांजा बेचते 4 गिरफ्तार, 2 किलों 700 ग्राम गांजा तथा बिक्री के रुपये जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 किलों 700 ग्राम गांजा तथा बिक्री की रकम जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को कोतवाली थाना पुलिस ने रविवार को शाम 6.35 बजे के करीब मुखबीर की सुचना पर गांधीनगर हनुमान मंदिर के पास गांजा बेचने की सुचना पर एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ आरोपी के कब्जे से 900 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत 5300 सौ रुपये तथा बिक्री की रकम 4500 रुपये को बरामद कर जब्त की है। आरोपी को हिरासत में लेकर नाम पुछने पर उसने अपना मनी सिंह पिता स्व. मंगल सिह उम्र 64 वर्ष निवासी छत्तीसगढ नगर अंबेडकर चौक थाना

टिकरापारा रायपुर बताया है। इसी तरह सिविललाईन थाना पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर रविवार एक व्यक्ति को मटरन मार्केट पण्डरी में गांजा बेचने की सुचना पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ उसके कब्जे से पुड़िया में रखा 100 ग्राम मादक पदार्थ अवैध गांजा जब्त की है जिसकी अनुमानित कीमत 1000 रुपये आंकी गई है तथा 400 रुपये बिक्री की रकम भी आरोपी से जब्त की है। आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम मोहम्मद रजा मुराद 40 वर्ष पिता मोहम्मद नसरुद्दीन निवासी राजातालाब पण्डरी बताया है। खमतराई थाना पुलिस ने 20 सितंबर को सुबह गंगा पुल के नीचे खमतराई में एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 ग्राम गांजा जब्त की है। आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम यशराज यादव 19 वर्ष पिता नरेन्द्र यादव बताया है। तथा धरसींवा थाना पुलिस ने रविवार की सुबह 11 बजे के करीब एचपी पेट्रोल पंप के सामने सिलतरा में घेराबंदी कर मनोज साहू 24 वर्ष पिता कंसराज साहू को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 1 किलों 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20 बी के तहत अपराध कायम कर हिरासत में लिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तरुणजीत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सलाहता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धांतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य नेताओं एवं महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ फिल्म नीति के अभिनेता आशुतोष राणा ने की तारीफ

» संस्कृति मंत्री ने अभिनेता अजय देवगन और आशुतोष राणा स्टारर

» 'सिक्स सस्पेक्टस्' बेव सीरीज के लिए दिया क्लैप शॉट

» नई फिल्म नीति से मिलेगा छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग को बढ़ावा: मंत्री अमरजीत भगत

रायपुर (आरएनएस)। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज यहां छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में अभिनेता अजय देवगन और आशुतोष राणा स्टारर 'सिक्स सस्पेक्टस' बेव सीरीज के लिए क्लैप शॉट दिया। भगत से फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा और वेब सीरीज के निर्माता-निदेशक तिग्मांशु धुलिया ने सौजन्य मुलाकात की। मंत्री ने इस दौरान छत्तीसगढ़ में तैयार की गई नयी फिल्म नीति की विस्तार से जानकारी दी। अभिनेता आशुतोष राणा ने छत्तीसगढ़ की फिल्म नीति की सराहना की।

संस्कृति मंत्री से मुलाकात के दौरान अभिनेता आशुतोष राणा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में इस वेब सीरीज की सूटिंग अगले तीन-चार दिनों तक होगी। इस वेब सीरीज में छत्तीसगढ़ के लगभग 50 कलाकार विधायक और सांसद की भूमिका में नजर आएंगे। साथ ही हर्षद मेहता पर अधारित फिल्म में मुख्य भूमिका निभा चुके प्रतिक गांधी, विनित जी इस वेब सीरीज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुलाकात के दौरान विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव चन्द्रशेखर गंगराड़े और संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य सहित छत्तीसगढ़ के अनेक फिल्म अभिनेता, कलाकार और फिल्म निर्माण से जुड़े लोग उपस्थित थे।

संस्कृति मंत्री भगत ने फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा से मुलाकात के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने और फिल्म कलाकारों तथा फिल्म निर्माण से जुड़े टैक्निशियनों को प्रोत्साहन देने के लिए छत्तीसगढ़ में नई फिल्म नीति बनाई गयी है।